ऊंकार से होता है शक्ति का जागरण : आचार्य महाप्रज्ञ

बीदासर, 4 फरवरी, 2009।

राष्ट्रसंत आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने कहा कि मस्तिष्क को सबसे ज्यादा ऊर्जा की जरूरत होती है। ऊर्जा के अभाव में मस्तिष्क कमजारे पड़ जाता है। मस्तिष्क को शक्तिशाली बनाने के लिए नाभि से मस्तिष्क तक ओम के जप से प्रकंपन्न पैदा करें। ऊंकार से हमारी सोई हुई शक्तियों का जागरण होता है।

राष्ट्रसंत ने तेरापंथ भवन के श्रीमद् मघवा समवसरण में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग शब्द बहुत प्रचलित है। देश विदेश में इसका प्रयोग हो रहा है। जैन दर्शन में इसका अर्थ मन को आत्मा में लीन कर देना है। योग साधना परक है और उसका प्रयोग मन वचन काया की शुद्धि रखने के लिए होता है। आचार्यप्रवर ने कहा कि शरीर के साथ व्याधियां रहती है। उसकी दवा भी ली जाती है। परन्तु इसके साथ आध्यात्मिक चिकित्सा भी होनी चाहिए। बड़ी-बड़ी बीमारियों को ठीक करने के लिए दवा से भी ज्यादा भावना का प्रयोग कारगर सिद्ध होता है। स्वस्थ होने की भावना हो और फिर दवा का प्रयोग होता है तो वह व्यक्ति को बहुत जल्द स्वस्थ बना देती है।

युवाचार्य महाश्रमण ने सभा को संबोधित किया।

आचार्य महाप्रज्ञ का 30 अप्रैल को होगा लाडनूं में मंगल प्रवेश

युवाचार्य महाश्रमण ने बताया कि आचार्य श्री महाप्रज्ञ चतुर्मास हेतु 30 अप्रेल को जैन विश्व भारती लाडनूं में मंगल प्रवेश करेंगे। उन्होंने बताया कि बीदासर से अक्षय तृतीया के दिन सायं काल को विहार होगा और गोपालपुरा होते हुए लाडनूं में प्रवेश करेंगे। वहां पर जैन विश्व भारती परिसर के रमणीक एवं आध्यात्मिक वातावरण में प्रवचनों की गंगा बहायेंगे। वहां पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे।

साध्वी मधुरेखा ने ली विदाई

मर्यादा महोत्सव की परिसम्पन्नता के साथ ही साधु-साध्वियों ने आचार्य महाप्रज्ञ द्वारा निर्दिष्ट क्षेत्र की तरफ विहार करना प्रारंभ कर दिया है। जिसमें गंगाशहर वृद्ध साध्वी सेवा केन्द्र सेवा की व्यवस्था संभालने के लिए साध्वी मधुरेखा ने आज मंगल विदाई ली। उन्होंने आचार्य श्री महाप्रज्ञ, युवाचार्य श्री महाश्रमण, साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा एवं मुख्य नियोजिका साध्वी विश्रुतविभा से पावन पाथेय प्राप्त कर आज विहार किया।

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की बैठक सम्पन्न

बीदासर। 4 फरवरी, 2009।

स्थानी तेरापंथ युवक परिषद भवन में मंगलवार की रात्रि को अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की बैठक परिषद् के अध्यक्ष मर्यादा कोठारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में परिषद के आय-व्यय के अलावा तेरापंथ टाइम्स और युवादृष्टि के प्रसार संख्या बढ़ाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मर्यादा कोठारी का स्थानी तेयुप के अध्यक्ष अशोक बोथरा ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। तेयुप मंत्री संजय चौरड़िया ने कार्यकारणी सदस्य को किट देकर सम्मानित किया। त्रिदिवसीय मर्यादा महोत्सव पर कार्यकर्त्ताओं द्वारा की गई सेवाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस बैठक में राजकुमार बैंगानी, शांतिलाल बैंगानी, हनुमानमल बैद सहित परिषद के अनेक सदस्य उपस्थित थे।